श्री बंशीधर नगर, बुधवार
06.11.2024
कार्तिक शुक्लपक्ष पंचमी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 74

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:04 बजे
अस्त - 05:14 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 30 डिग्री से.
न्यूनतम : 19 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

बीडीओ पर प्रपत्र क गठित, राशि वसूलने का निर्देश >> पेज 03
बिहार कोकिला शारदा सिन्हा का निधन : पेज 04

**सुविचार**

जिंदगी में सच के साथ हमेशा चलते रहें, वो वक्त आपके साथ अपने आप चलने लगेगा!

**न्यूज अपडेट्स**

## मतदाता पर्ची, मतदाता पहचान नहीं : सीईओ

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि मतदाता पर्ची, मतदाता पहचान पत्र नहीं है। पूर्व में ऐसा देखने को मिला है कि मतदाता पर्ची को पहचान पत्र समझ कर मतदान करने पहुंच जाते हैं और अनावश्यक रूप से परेशान होते हैं। मतदाता पहचान पत्र के अलावा कुल 12 तरह के आइडी प्रूफ मतदान के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वीकृत है। उसके अतिरिक्त किसी भी तरह के अन्य पहचान पत्र मतदान के लिए वैध नहीं होते हैं। वह मंगलवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के चुनाव के लिए मतदाता पर्ची वितरण 8 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण कार्य करेंगे। इस बार मतदाता पर्ची में अंकित सीरियल नंबर और पार्ट नंबर को घेरे में दशार्या गया है, ताकि मतदाता उन दोनों नंबरों को नोट कर मतदान केंद्र पर जाएं और आसानी से अत्यल्प समय में अपना नाम खोज सकें और मतदान के लिए सही कतार में खड़ा हो सकें। इससे जहां समय की बचत होगी, वहीं मतदान की गति भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस के कर्मियों को चुनाव कार्य से अलग रखने के लिए कोई निर्देश निर्वाचन आयोग की ओर से नहीं दिया गया है।

**विस चुनाव-24**

## इंडि गठबंधन ने जारी किया घोषणा पत्र

# 7 गारंटियों का ऐलान

बंशीधर न्यूज



**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए आईएनडीआईए ने मंगलवार को राजधानी रांची के एक होटल में घोषणा पत्र जारी किया। घोषणापत्र में गठबंधन ने कई बड़े दावे किए हैं। गठबंधन ने मेनिफेस्टो में सात गारंटियों का ऐलान किया है।

### गठबंधन की सात गारंटियां

**गारंटी 1932 आधारित खतियान की**

1932 के खतियान पर आधारित स्थानीयता नीति लाने, सरना धर्म कोड को लागू करवाने के साथ क्षेत्रीय भाषा-संस्कृति के संरक्षण को संकल्पित।

**गारंटी मंईयां सम्मान की**

दिसंबर से मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत 2,500 की सम्मान राशि दी जाएगी।

**गारंटी सामाजिक न्याय की**

एसटी को 28 प्रतिशत, एससी को 12 प्रतिशत, ओबीसी को 27 प्रतिशत और अल्पसंख्यक के हितों का संरक्षण करने के लिए संकल्पित। इसके साथ पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय के गठन के लिए संकल्पित।

**गारंटी खाद्य सुरक्षा की**

प्रति व्यक्ति सात किलो राशन वितरित किया जाएगा। इसके साथ राज्य के हर गरीब परिवार को ?450 में गैस सिलेंडर दिया जाएगा।

**गारंटी रोजगार एवं स्वास्थ्य सुरक्षा की**

झारखण्ड के 10 लाख युवक और युवतियों को नौकरी व रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ करीब 15 लाख तक परिवारिक स्वास्थ्य बीमा दिया जाएगा।

**गारंटी शिक्षा की**

राज्य के सभी प्रखण्डों में डिग्री कॉलेज तथा जिला मुख्यालयों में इंजीनियरिंग, मेडिकल कॉलेज और यूनिवर्सिटी की स्थापना की जाएगी। इसके साथ रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए औद्योगिक प्रोत्साहन नीति लाते हुए राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में 500-500 एकड़ का औद्योगिक पार्क बनाया जाएगा।

**गारंटी किसान कल्याण की**

धान के एमएसपी को 2400 से बढ़ाकर 3200 करने के साथ लाह, तसर, करंज, इमली, महुआ, चिरोंजी, साल बीज आदि के समर्थन मूल्य में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि की जाएगी।

इस मौके पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, राजद के जयप्रकाश नारायण यादव, सीपीएम एमएल के शुभेंदु सेन आदि मौजूद थे।

## सांप से भी ज्यादा जहरीले हैं भाजपा नेताओं के बोल : हेमंत



**लातेहार।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लातेहार जिले के हेरहंज प्रखंड में मंगलवार को चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जहां झामुमो के पक्ष में वोट मांगा, वहीं भाजपा नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं के बोल सांपों से भी ज्यादा जहरीले हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा समाज को बांट कर चुनाव जीतना चाह रही है। परंतु झारखंड की जनता भाजपा के बहकावे में आने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले 5 वर्षों के दौरान उन्होंने झारखंड राज्य में यहां के लोगों के लिए जितने कार्य किया, जितनी योजनाएं चलाई ,इसका सीधा लाभ यहां के लोगों को ही मिला। भाजपा और उसके व्यापारी मित्र यह नहीं चाहते कि झारखंड के गरीबों का कल्याण हो। इसीलिए पांच वर्षों तक लगातार उन्हें परेशान किया गया। झूठे आरोप में जेल भी भेजा गया। परंतु भाजपा के प्रताड़ना से उन्होंने हार नहीं मानी और झारखंडियों के विकास के लिए हमेशा आगे बढ़ता रहा। हेमंत सोरेन ने कहा कि आज झारखंड की महिलाओं को मइयां सम्मान योजना से आर्थिक समृद्धि मिल रही है। लोगों का बिजली भी माफ होने से उन्हें आर्थिक बोझ से छुटकारा मिला है। युवाओं के लिए कई प्रकार के रोजगार के साधन उपलब्ध हुए, सरकारी नौकरी मिली। आने वाले 5 वर्षों में झारखंड राज्य का कायाकल्प होगा।कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जाएगी। महिलाओं के खाते में प्रत्येक वर्ष 1 लाख रुपए भेजे जाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि लातेहार विधानसभा क्षेत्र से जेएमएम प्रत्याशी वैद्यनाथ राम को वोट देकर विजई बनाएं।

## वाइबीएन विवि के संचालक के घर से 67.62 लाख बरामद



**रांची।** रांची और सिल्ली विधानसभा चुनाव में अवैध संसाधनों का इस्तेमाल कर चुनाव को प्रभावित करने की सूचना पर मंगवार को पुलिस और जिला प्रशासन की टीम ने वाइबीएन यूनिवर्सिटी के संचालक (चेयरमैन) रामजी यादव के चार ठिकानों पर छापेमारी की। इनमें नामकुम के राजाउलातू स्थित वाइबीएन यूनिवर्सिटी ट्राइबल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, सिदरौल स्थित मां कलावती अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर, कवाली सियार टोली स्थित बीएड कॉलेज और चुटिया की साउथ रेलवे कॉलोनी पंचवटी चौक स्थित आवास शामिल हैं। छापेमारी के दौरान इनके घर से 67,62,620 रुपये नकद, हीरे का एक हार, 535 ग्राम सोना व 1600 ग्राम चांदी के आभूषण, 73 लाख का एफडी बांड और बैंक से संबंधित दस्तावेज बरामद किये गये हैं। छापेमारी का नेतृत्व सिटी डीएसपी और हेहल सीओ कर रहे थे। टीम में आठ पुलिस अफसरों के अलावा करीब 100 की संख्या में पुलिस बल शामिल थे। पुलिस-प्रशासन की टीम ने रामजी यादव के शिक्षण संस्थानो एवं अस्पताल में छापेमारी की। इन जगहों पर टीम को कुछ नहीं मिला। इसी दौरान पुलिस की एक टीम रामजी यादव के घर पहुंची और वहां से तलाशी शुरू की। यहां छापेमारी के दौरान रामजी यादव के घर वालों मौजूद थे, जबकि वे खुद शिक्षण संस्थान में मौजूद थे। उड़न दस्ते ने घर के निचले और पहले तल पर बने कमरों से 67,62,620 रुपये नकद, सोने-चांदी के आभूषण व अन्य दस्तावेज बरामद किये। पूछताछ में रामजी यादव ने बरामद रुपयों और जेवरात को पूरी तरह वैध बताया है। चूंकि 10 लाख से अधिक नकदी बरामद हुई है, इसलिए इसकी सूचना आयकर विभाग को भी दी गयी है। बरामद रुपयों के संबंध में पुलिस आयकर विभाग के सहयोग से भी जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। वहीं दूसरी ओर चुटिया थाने में रामजी यादव के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे : योगी आदित्यनाथ



**कोडरमा/हजारीबाग/जमशेदपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को झारखंड विधानसभा चुनाव के अखाड़े में उतरे। उन्होंने जन आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए लोगों का आह्वान किया कि ताकत का अहसास कराइए। पत्थरबाज सड़कों पर झाड़ू लगाकर रास्ता साफ करेंगे और हर घर पर बजरंगी पताका फहराती दिखाई देगी। साथ ही कहा कि बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे। योगी ने कहा कि झामुमो, राजद और कांग्रेस का गठबंधन झारखंड के विकास के लिए नहीं है। ये विनाश के दूत हैं। भ्रष्टाचार के फरिश्ते हैं। यहां की सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों को वोट बैंक के लिए प्रश्रय दिया है। योगी आदित्यनाथ ने एनडीए के संकल्प पत्र को दोहराया और कहा कि एनडीए की सरकार बनी तो गोगो दीदी योजना से हर महीने महिलाओं को 2100 रुपये दिए जाएंगे। साथ ही 21 लाख लोगों को पक्का घर दिया जाएगा। बालू फ्री में दी जाएगी। ये सभी लाभ झारखंडवासियों को दिए जाएंगे, बांग्लादेशी घुसपैठियों को नहीं। योगी ने कहा कि जो लोग कहते थे कि अयोध्या में राम मंदिर नहीं बन पाएगा, वे देख रहे हैं कि मंदिर भी बन गया और रामलला विराजमान भी हो गए हैं। नए भारत का नया उत्तर प्रदेश निर्दोष नागरिकों-हिंदुओं को छेड़ने वाले को छोड़ता नहीं है। श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर बने, इसके लिए रामभक्तों ने संघर्ष किया। लाखों रामभक्तों ने बलिदान भी दिया। योगी ने कहा कि कांग्रेस, राजद, झामुमो राम मंदिर निर्माण के मार्ग में बाधक थे।

## अवैध पत्थर खनन मामले में सीबीआई की गुमला की एक व साहेबगंज की 13 जगहों पर छापामारी

# 60 लाख नगद, एक किलो सोना व कई कागजात बरामद

बंशीधर न्यूज



**रांची।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अवैध पत्थर खनन से संबंधित मामले में मंगलवार को झारखंड में छापेमारी की है। इनमें राज्य की राजधानी रांची में तीन स्थानों, गुमला जिले में एक स्थान और साहेबगंज जिले में 13 स्थानों पर छापेमारी हुई है। सीबीआई से मिली जानकारी के अनुसार, अब तक की तलाशी में 60 लाख रुपये से अधिक नकदी, एक किलो से अधिक सोना, 1.2 किलो चांदी, सोने के आभूषण, मोबाइल, 61 जिंदा कारतूस (9 मिमी), संपत्तियों से संबंधित बिक्री विलेख, निवेश और शेल कंपनियों से संबंधित दस्तावेज, समझौते के कागजात और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए हैं। जांच से पता चला है कि साहेबगंज जिले में बड़े पैमाने पर अवैध खनन गतिविधियों ने कथित तौर पर सरकार को काफी नुकसान पहुंचाया गया है। साथ ही खनन कानूनों के उल्लंघन किया गया है। क्षेत्रीय जांच से पता चलता है कि प्रमुख व्यक्ति और संस्थाएं अपनी गतिविधियों को छिपाने और अवैध रूप से प्राप्त संसाधनों, धन को डायवर्ट करने के लिए कई तरीकों का इस्तेमाल करते हुए इस ऑपरेशन में कथित रूप से शामिल थीं। प्रारंभिक जांच में ऐसे साक्ष्य एकत्र किए गए, जिनसे पता चला कि अवैध खनन गतिविधि को अंजाम देने और इस प्रकार प्राप्त आय को छिपाने के लिए प्रमुख व्यक्तियों और फर्मों की संलिप्तता और सांठगांठ थी। सीबीआई ने जिन लोगों के यहां छापेमारी की है, वे सभी पंकज मिश्रा के करीबी बताए जा रहे हैं। छापेमारी उन संदिग्धों के परिसरों में की जा रही है, जिनकी भूमिका आगे की जांच के दौरान सामने आई है। जांच जारी है। सीबीआई ने 20 नवम्बर, 2023 को आईपीसी की धारा 120बी के साथ 34, 379, 323, 500, 504 और 506, आर्म्स एक्ट की धारा 27, एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1)(5) और झारखंड खान एवं खनिज रियायत नियम 2004 की धारा 4/54 के तहत झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश के आधार पर तत्काल मामला दर्ज किया था।

### यहां हुई छापेमारी

-रांची में नेताओं व नौकरशाहों के करीबी प्रेम प्रकाश, सीए जयपुरियार आदि के ठिकानों पर छापेमारी।

-साहिबगंज के बड़हरवा में भगवान भगत के आवास व कार्यालय में छापेमारी। यहां से एक किलोग्राम सोना व नाइन एमएम के 61 कारतूस मिले।

-उधवा में पत्थर कारोबारी महताब आलम के आवास पर छापेमारी। यहां उनके भाई अफताब आलम, मोहम्मद सलाउद्दीन व मोहम्मद अलाउद्दीन से पूछताछ हुई।

-मंडरो, मिर्जा चौकी के चार पत्थर कारोबारियों के यहां छापेमारी। एक कारोबारी रंजन वर्मा के ठिकाने से 47 लाख रुपये नकदी मिले।

-मिर्जा चौकी के पत्थर कारोबारी रंजन वर्मा, संजय जायसवाल, टिंकल भगत व अवध किशोर सिंह उर्फ पतरू सिंह के यहां छापेमारी।

-बड़हरवा बस स्टैंड के समीप स्थित सुब्रोतो पाल के कार्यालय व बड़हरवा मुनिया होटल स्थित कृष्णा साह के घर छापेमारी।

-बड़हरवा प्रखंड के दुगार्पुर मुनिया होटल के पास पत्थर कारोबारी कृष्णा साह के आवास पर छापेमारी।

# 500 युवा झामुमो में शामिल, कुशवाहा समाज के युवाओं ने किया मिथिलेश का समर्थन



**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से युवा नेता राहुल पासवान के नेतृत्व में 500 से अधिक की संख्या में युवाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो को अपमानित किये जाने से क्षुब्ध गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 1 के कुशवाहा समाज के दर्जनों युवाओं ने गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का समर्थन करते हुये झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। सभी लोग मंगलवार को मंत्री श्री ठाकुर के आवास पर पहुंचकर झामुमो में शामिल हुये। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया। मंत्री श्री ठाकुर के कार्यो से प्रभावित युवाओं ने पार्टी में शामिल होने के बाद ऐतिहासिक मतों से जीत दिलाने का संकल्प लिया। पार्टी में शामिल होने वालों में कुशवाहा समाज के युवाओं में मुख्य रूप से उमेश कुशवाहा, राहुल कुशवाहा, संतोष कुमार, लवकुश सहित कई युवाओं के नाम शामिल हैं। पार्टी में शामिल होने वाले युवाओं ने कहा कि गढ़वा में मंत्री श्री ठाकुर का विकास कार्य विरोधियों के लिये आईना है। इन्होंने गढ़वा की तस्वीर एवं तकदीर बदल दी है। आगे भी गढ़वा को विकास के पथ पर निरंतर बढ़ाने के लिये ऐसे ही जनप्रतिनिधि की आवश्यकता है। गढ़वा की जनता श्री ठाकुर को ही पुनः जीताने का मन बना चुकी है। इनकी जीत निश्चित है। युवाओं ने कहा कि भाजपा में सिर्फ थैलीशाहों की पूछ होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंच पर पिछड़े समाज के व्यक्ति जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो को काफी अपमानित किया गया है।

## न्यूज अपडेट्स

### सोशल वर्कर संस्था ने किया भोजन वितरण




**गढ़वा :** सोशल वर्कर संस्था गढ़वा के तत्वावधान में शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप 49 वें सप्ताह जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया गया। इस दौरान प्रसाद स्वरूप पूड़ी, सब्जी व बुन्दिया का वितरण किया गया। मौके पर टंडवा निवासी अभिषेक गुप्ता ने कहा कि मैं बहुत दिनों से अपने जन्मदिन का इंतजार कर रहा था, ताकि फूड फॉर हंगर के इस प्रोजेक्ट के तहत सोशल वर्कर संस्था के बैनर तले जरूरतमन्दो की सेवा कर सकूं। जरूरतमंदो की सेवा कर खुद के मन को काफी फ्रफुलित महसूस किया। संस्था के संचालक आकाश केशरी ने कहा की युवाओं और व्यवसायियों के साथ हमारी समाज के जागरूक महिलाये और बहने भी समाजसेवा में काफी योगदान दे रही है। मौके पर शुभम केशरी, अनमोल कश्यप, बाला केशरी, शुभम गुप्ता, यश गुप्ता, अंशु कांस्यकार आदि उपस्थित थे।

### 2060 मतदान कर्मियों को मिला प्रशिक्षण

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर मंगलवार को डालटनगंज के गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज में छत्तरपुर व विश्रामपुर विधानसभा के लिये कुल 2060 मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें पीठासीन पदाधिकारी समेत पी 1, पी 2, पी 3 और पी 4 के मतदानकर्मी शामिल थे। सभी कर्मियों को 110 मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कराने का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण पाटीर्वार दिया गया, ताकि 13 नवंबर के दिन किसी प्रकार का कोई समस्या न रहे।

## विस चुनाव ▸ इंडि गठबंधन के सभी घटक दलों की बैठक

# मिथिलेश को जिताने का संकल्प

## झारखंड में सपा के साथ नहीं है गठबंधन, लोग फैला रहे हैं भ्रम

**बंशीधर न्यूज**




**गढ़वा :** इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों राजद, झामुमो, भाकपा माले, कांग्रेस के नेताओं ने गढ़वा विधानसभा के महागठबंधन प्रत्याशी मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को जीताने का संकल्प लिया। महागठबंधन के नेताओं ने कहा कि वे लोग अपने प्रत्याशी को जीताने के लिये कमर कस कर मजबूती के साथ लगे हुये हैं। मंगलवार को झामुमो के केंद्रीय चुनाव कार्यालय में महागठबंधन नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही। इस दौरान झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि झारखंड में समाजवादी पार्टी के साथ इंडिया गठबंधन का कोई गठबंधन नहीं है। यहां सिर्फ झामुमो, कांग्रेस, राजद एवं भाकपा माले का ही गठबंधन है। कुछ लोग गठबंधन में सपा को शामिल होने का भ्रम फैला रहे हैं। महागठबंधन के चारों दलों का एकमात्र उद्देश्य महागठबंधन प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर को जीताना है। हम जीत की ओर अग्रसर हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, वरिष्ठ नेता सुरेंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि गढ़वा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमण ठीक वैसा ही है जैसा कि ग्रामीण क्रिकेट मैच में बीसीसीआई अध्यक्ष का पहुंचना। उन्होंने कहा कि भाजपा अपनी हार को भांपते हुये पूरी तरह से हताश हो चुकी है। उन्होंने कहा कि यदि गढ़वा में किसी भी परिस्थिति में महागठबंधन प्रत्याशी की हार होती है तो जनप्रतिनिधियों का विकास से भरोसा उठ जायेगा। लोग यही समझेंगे कि जीत विकास करने से नहीं जनता को छलने से होती है। माले नेता कालीचरण मेहता ने कहा कि भाजपा हार मान चुकी है। वह हताशा में सामाजिक एकता को तोड़ने का प्रयास कर रही है। गढ़वा की जनता भाजपा की साजिश को कामयाब नहीं होने देगी। पलामू प्रमंडल की सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी की जीत होगी। राजद के वरीय उपाध्यक्ष मुरली प्रसाद गुप्ता ने कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी घटक दल पूरी तत्परता से प्रत्याशी मिथिलेश ठाकुर की जीत सुनिश्चित कराने के लिये लगे हुये हैं। मंत्री श्री ठाकुर ने गढ़वा को मॉडल जिला बना दिया है। माले नेत्री सुषमा मेहता ने कहा कि गढ़वा विधासभा क्षेत्र के लिये वर्ष 2019 से वर्ष 2024 का कार्यकाल स्वर्णिम रहा। मंत्री ने गढ़वा की तकदीर एवं तस्वीर बदल दी है। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खान, सचिव मनोज ठाकुर, वीरेंद्र साव, राजद के जिलाध्यक्ष सूरज सिंह, कांग्रेस नेता ओमप्रकाश चौबे आदि ने विचार व्यक्त किया।

# छठ व्रतियों के बीच आज बंटेंगी आम की सूखी लकड़ियां

**बंशीधर न्यूज**



**मेदिनीनगर :** शहर के रेडमा दो नंबर टाउन रोड स्थित जायसवाल टिंबर परिसर में छठव्रतियों के बीच छह नवंबर को 10 बजे से सूखी हुई आम की लकड़ियों का वितरण किया जाना तय किया गया है। जायसवाल टिंबर के प्रोपराईटर अरुण कुमार जायसवाल ने इसकी जानकारी देते हुये बताया कि अब उनका आरा मशीन (जायसवाल टिंबर) रेलवे की जमीन से हटाकर रांची रोड रेड़मा 2 नम्बर टाउन टीवीएस शोरूम के बगल में शिफ्ट कर दिया गया है। पिछले वर्ष भी उसी परिसर से आम की लकड़ियां वितरित किया गया था। छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित जायसवाल एवं डाली बाजार पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि सामाजिक दायित्वों के तहत इस वर्ष छठ व्रतियों के बीच सूखी आम की लकड़ियां वितरित की जायेगी। लोक आस्था, शुद्धता व पवित्रता का महान पर्व छठ व्रत पर जायसवाल टिंबर पिछले 30 वर्षों से व्रतियों के बीच सूखी हुई आम की लकड़ियां वितरित करते आ रहा है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। जायसवाल टिंबर के प्रोपराईटर अरुण कुमार जायसवाल ने बताया कि वितरण के समय व्रतियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो इसे ध्यान में रखते हुये वितरण की विशेष तैयारी व व्यवस्था कर ली गयी है। ताकि सभी व्रतियों को प्रसाद बनाने के लिये सुखी हुई आम की लकड़ियां उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने छठ व्रतियों से करबद्ध अनुरोध किया है कि उक्त निर्धारित समय पर पहुंचकर आम की लकड़ी प्राप्त कर उन्हें अनुगृहीत करें।

## चुनावी सभा के बाद मारपीट की घटना में दो दर्जन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज



**मेराल :** मेराल थाना क्षेत्र के तरके गांव में सोमवार की देर शाम में मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के चुनावी सभा के बाद एक समुदाय विशेष द्वारा मारपीट के बाद गांव में उत्पन्न तनाव के बाद मंगलवार की दोपहर बाद दोनों समुदाय की उपस्थिति में पुलिस पदाधिकारी द्वारा सुलह समझौता कर मामले को शांत कराया गया। समुदाय विशेष के द्वारा की गई घटना की सूचना पर मेराल थाना के प्रभारी थाना प्रभारी दीपक कुमार, एसडीओ संजय कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर मामले को सुलझाने का प्रयास किया। परंतु मामला तनावपूर्ण बना रहा, जिससे पुलिस बल को करीब 20 घंटे तक कैंप करना पड़ा। मंगलवार की दोपहर बाद एसडीपीओ नीरज कुमार, पुलिस निरीक्षक जितेंद्र कुमार आजाद, प्रेम प्रकाश पांडेय, भाजपा नेता संतोष दूबे, उदय कुमार कुशवाहा, सोनू सिंह, रामजी पासवान आदि लोग पीड़ित परिवार को न्याय तथा दोषी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के आश्वासन के बाद सुलह समझौता कराया गया। साथ ही इस घटना में संलिप्त लोगों को गिरफ्तार किया जायेगा। मामले में तरके गांव निवासी अक्षय कुमार चौधरी पिता कपिल देव चौधरी के लिखित आवेदन पर 22 लोगों के विरुद्ध मेराल थाना में एफआईआर दर्ज किया गया है।

## आस्था के साथ आकर्षण का केंद्र बना मेराल के शिवाला नया छठ घाट



**मेराल :** लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरूआत मंगलवार को नहाय खाय के साथ हो चुका है। त्योहार के मद्दे नजर श्रद्धालुओं द्वारा जलाशयों के किनारे साफ सफाई आने जाने के लिये रास्ते में प्रकाश की व्यवस्था की जा रही है। ताकि छठ व्रतीयों के साथ श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। प्रखंड मुख्यालय के प्रसिद्ध देवी धाम मंदिर एवं प्राचीन शिव मंदिर के पास नया शिवाला छठ घाट आस्था के साथ-साथ आकर्षण का केंद्र बन गया है। प्राचीन शिव मंदिर शिवाला तालाब में नये छठ घाट का निर्माण तथा साफ सफाई के बाद आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। साथ ही भगवान भास्कर की आकर्षक प्रतिमा बनाई जा रही है, जो श्रद्धालुओं के लिये आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेगा। इसके अलावा मेराल के सभी छठ घाटों की साफ सफाई एवं सजावटी की जा रही है। मुडल टोला युरिया नदी छठ घाट पर देवी जागरण का कार्यक्रम रखा गया है। छठ महापर्व को लेकर बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। मेराल शिवाला छठ घाट साफ सफाई करने वालों में अध्यक्ष संजीव कुमार, प्रमोद महाजन, देव कुमार जायसवाल, कृष्णा प्रसाद, शंकर ठाकुर, धनंजय शर्मा, देवी शरण पासवान, शंकर ठाकुर, सुजीत कुमार उर्फ डब्लू, लव कुश ठाकुर, मनोज जायसवाल, अजीत कुमार उर्फ बबलू सहित कई लोग शामिल थे।

## पूर्व मंत्री ने निकाली बाईक रैली



**गढ़वा :** समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को विशाल बाईक रैली निकाली गई। मेराल प्रखंड के लिये निकाली गई रैली की शुरूआत गढ़वा के कर्बला ऊंचरी के मैदान से की गई। रैली गढ़वा मेन रोड होते हुये लगमा, करकोमा, हासनदाग, कजराठ, देवगाना, गेरुआ, बाना, जगदीश मोड़, रेजो, लातदाग, पढुआ, पतहरिया, रजबंधा, बंका, रझारा, नेनुआ, विकताम हो होते हुये गुजरी। पूर्व मंत्री की रैली में आये लोगों ने एक सुर में गिरिनाथ सिंह को प्रचंड बहुमत से जीताने का वादा किया। इससे पहले पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह को कार्यकर्ताओ ने फूल माला के साथ स्वागत किया। बाईक रैली में मेराल प्रखंड के सभी पंचायतो के पंचायत अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष एवं प्रखंड प्रमुख अपने अपने टीम के साथ शामिल हुये। मौके पर मेराल उत्तरी मंडल अध्यक्ष दुःखन चौधरी, मेराल दक्षिणी मंडल अध्यक्ष रामाधार राम, कार्यक्रम प्रभारी अवध सिंह, सुनील चंद्रवंशी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विश्रामपुर में कपटनीति, धनकुबेर प्रत्याशी ने वोटर का तय किया रेट

# वोटर कार्ड दिखाओ पांच सौ रुपये पाओ!

### कई गांवों में वोटरों के घरों तक पैसा पहुंचा

**बंशीधर न्यूज**




**विश्रामपुर :** मतदान की तिथि नजदीक पहुंचते ही क्षेत्र में खरीद फरोख्त की कपटनीति शुरू हो गयी है। खबर है कि ठेका पट्टा के धंधे से राजनीति में एंट्री कर विधायक बनने का ख्वाब देखने वाले एक धनकुबेर प्रत्याशी ने वोट के लिए खुलेआम पैसे का दांव खेला है। बताया गया है कि उक्त प्रत्याशी चुनाव आयोग के निदेर्शों से बेपरवाह खुलेआम एक वोट पर 500 रुपये बांट रहे हैं। चुनाव आयोग और जिला निर्वाचन का यह कहना कि प्रशासन हर जगह नजर बनाए हुए है, वह यहां बिफल साबित हो रहा है। बताया गया है कि उक्त प्रत्याशी के स्टाफ गांव गांव जाकर वोटर कार्ड के हिसाब से 500 रुपये प्रति मतदाता नकद पैसा पहुंचा रहे हैं। प्रत्याशी के निजी स्टाफ पैसा देने के बाद संबंधित पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि विश्रामपुर में इस बार का चुनाव अन्य चुनावों के वनिस्पत काफी भिन्न है। इस बार चुनाव में पैसों बड़ा खेल शुरू हो गया है। उक्त प्रत्याशी ठेके पट्टे से हासिल पैसों से वोट खरीद कर सत्तासुख देखने दिवास्वप्न देख रहे हैं। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पैसा बंटने की भनक मिलते ही नेताओं से ज्यादा मतदाता ही घुड़दौड़ लगा रहे हैं। संबंधित प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने का विश्वास दिलाकर पैसे ऐंठ रहे हैं। अधिकांश गांव के कम उम्र के वोटर टोली बनाकर बारी बारी से प्रत्याशी के पास पहुंच रहे हैं और पैसे लेने कामयाब भी हो रहे हैं। उसी वोटरों के आधार पर उक्त प्रत्याशी अपने वोट का कैलकुलेशन कर हार जीत का आंकड़ा तय कर फील गुड कर रहे है। उधर मतदाताओं के साथ राजनीति से डिरेल हो चुके कुछ पुराने नेता भी अपने अनुभव की बातें बताकर उक्त प्रत्याशी से बढ़िया माल खींच रहे है। चुनाव जीतने का सपना देख रहे उक्त प्रत्याशी उनकी झांसे में आकर मोटी रकम ढील रहे है। जिससे वैसे नेताओं की भी चांदी कट रही है।कुल मिलाकर विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में पैसों का बड़ा खेल चल रहा है। रोज टूटने व जुटने का भी खेल जारी है। अब देखना है कि उक्त प्रत्याशी पैसे के दम पर इस बार विधानसभा पहुंचने में कामयाब होते हैं या हर बार की तरह इस बार भी उनकी लुटिया डूबती है।

# मिथिलेश ने किया जनसंपर्क, कहा-अपनी हार का माहौल देख से बौखला गयी है भाजपा



बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक व झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि भाजपा अपनी हार देखकर बेचैन हो गई है। इसी बेचैनी में देश भर के जुमलेबाज गढ़वा पहुंच रहे हैं। वे जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुये उक्त बातें कही। उन्होंने मंगलवार को गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के रंका प्रखंड के दुधवल, चुतरू, कटरा, चुटिया, विश्रामपुर, सोनदाग आदि गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इससे पूर्व सोमवार की देर शाम मंत्री ने ओखरगाड़ा, टिकुलडीहा, पचफेड़ी, तरके आदि गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर ग्रामीणों से अपने चुनाव चिन्ह तीर धनुष छाप पर वोट देकर रिकार्ड मतों से जीत दिलाने की अपील की। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि इस चुनावी मौसम में देश भर से बरसाती मेढ़क पहुंच रहे हैं। वे क्षेत्र के विकास की कोई भी बात नहीं कर रहे हैं। बल्कि हिंदु-मुस्लिम, जात पात की बात कर समाज को तोड़ने एवं सत्ता हथियाने के प्रयास में हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा की जनता समाज को तोड़ने वालों को कभी उनके मकसद में कामयाब नहीं होने देगी। जनता को विकास के साथ-साथ भाईचारा एवं अमन चैन पसंद है। हर हाल में विकास करने वाले की ही जीत होगी। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य से भाजपा का पत्ता साफ होने वाला है। राज्य में सभी विधानसभा सीटों पर अपनी हार होते देख भाजपा के लोग बेचैन हो गये हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ही राज्य एवं राज्य वासियों को पूरा अधिकार दे सकती है। मौके पर काफी संख्या में झामुमो नेता, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### सेवामुक्त चौकीदार की मौत

**रमना :** रामगढ़ निवासी चौकीदार नंदेश्वर राम 45 वर्ष (भृगु) की मौत इलाज के क्रम में अनुमंडल अस्पताल में हो गई। नंदेश्वर राम 2008 से ही चौकीदारी कर रहे थे। 2010 में चौकीदार के पद पर बहाल हुये थे इसके बाद उच्च न्यायालय का हवाला देकर वर्ष 2016 में चौकीदारों को सेवामुक्त कर दिया गया था। जिसमें वो भी शामिल था। कुछ वर्षो तक जैसे-तैसे जिंदगी की गाड़ी चलती रही, नौकरी के लिये न्यायालय और माननीयों का चक्कर लगाते-लगाते सारा जमापूंजी खत्म हो गया और गत वर्षो से आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव से ग्रसित थे। मौके पर विरंची पासवान, जसवंत पासवान, गोपाल राम, मुन्ना राम, धर्मेद्र पासवान, मंतोष पासवान, भोला चौकीदार आदि उपस्थित थे।

### बिजली चोरी के आरोप में 6 लोगों पर प्राथमिकी

**मझिआंव :** बिजली विभाग के वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार मझिआंव थाना क्षेत्र में जेई कमल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान बिजली चोरी के आरोप में विभाग ने थाना में 6 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस संबंध में जानकारी देते हुये जेई कमल कुमार गुप्ता ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस चेकिंग अभियान में मेरे अलावा विद्युत कर्मी जितेंद्र कुमार पासवान, मानव दिवस कर्मी राम अवतार चौधरी, सुनील यादव, ओमप्रकाश राम, राजेश कुमार रवि शामिल थे। इस दौरान करमडीह गांव के जोगीवीर टोला निवासी सुखाड़ी अंसारी के पुत्र अलीम अंसारी, क्यामुद्दीन अंसारी के पुत्र आरिफ अंसारी, सितारुद्दीन अंसारी के पुत्र नासिर हुसैन अंसारी, भुसुआ गांव निवासी स्वर्गीय इमामुद्दीन अंसारी के पुत्र सद्दाम अंसारी, यार मोहम्मद अंसारी के पुत्र हाफिज अंसारी और बिरबंधा गांव निवासी बुधन चौधरी के पुत्र मुनेश्वर चौधरी को बिजली चोरी के आरोप में क्षतिपूर्ति राशि सहित बिजली चोरी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

**कार्रवाई** — मनरेगा में गड़बड़ी मामले में दोषी वेंडर एवं अफसर पर बड़ी कार्रवाई

# बीडीओ पर प्रपत्र क गठित, राशि वसूली का निर्देश

### तत्कालीन नाजिर व प्रभारी बीपीओ सह रोजगार सेवक से स्पष्टीकरण

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** जिले के सगमा ब्लॉक में एडमिन फंड की राशि की फर्जी निकासी मामले में दोषी वेंडर एवं अफसर पर बड़ी कार्रवाई हुई है। डीसी शेखर जमुआर ने मामले की जांच के दौरान शिकायतकर्ता वरिष्ठ पत्रकार धीरेन्द्र कुमार चौबे की ओर से प्रेषित शिकायत पत्र में वर्णित तथ्यों की पुष्टि होने पर कार्रवाई की है। डीसी शेखर जमुआर ने सगमा के पूर्व बीडीओ सत्यम कुमार के विरूद्ध आरोप पत्र (प्रपत्र-क) गठित करते हुये उन पर कार्रवाई के लिये ग्रामीण विकास विभाग के सचिव को लिखा है। साथ ही वेंडर मेसर्स सखीचंद प्रजापति सगमा का मनरेगा में एडमिन एवं सामग्री उक्त दोनों मद का निबंधन रद्द करते हुये मनरेगा सॉफ्ट से अनफ्रीज करने के लिये मनरेगा आयुक्त व ग्रामीण विकास विभाग को पत्राचार किया है। डीसी ने सगमा के बीडीओ से आपूर्तिकर्ता द्वारा जीएसटी कटौती की गई राशि जो जमा नहीं कराई गई है एवं ईंधन हेतु भुगतान की गई कुल राशि को ब्याज समेत वसूल करते हुये एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। साथ ही एडमिन मद में ईंधन के अलावे अन्य भुगतान की गई राशि की जांच के लिये श्री बंशीधर नगर के एसडीओ को जिम्मा दिया है। तत्संबंधी मामले में प्रखंड नाजीर, सगमा के तत्कालीन प्रभारी बीपीओ सह रोजगार सेवक से स्पष्टीकरण पूछा है।



### क्या है शिकायत

वरिष्ठ पत्रकार धीरेन्द्र चौबे ने जिले के डीसी समेत राज्य और केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के आला अधिकारियों को शिकायत पत्र भेजकर सगमा ब्लॉक में एडमिन फंड की राशि की फर्जी निकासी के लिये डीपीसी लॉग इन और जीएसटी नंबर से छेड़छाड़ कर 21 लाख 62 हजार 975 रुपये की निकासी की शिकायत की थी। उक्त फर्जी निकासी मामले में सगमा बीडीओ, मनरेगा डीपीओ और संबंधित वेंडर तीनों की भूमिका सन्देहास्पद बताते हुये मामले की जांच दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग की थी। उन्होंने अपने शिकायत पत्र के साथ शिकायत से संबंधित पुख्ता प्रमाण भी समर्पित किया था। हालांकि डीसी की ओर से श्री बंशीधर नगर के एसडीओ प्रभाकर मिर्धा के नेतृत्व में गठित तीन सदस्यीय जांच टीम ने जांच के दौरान शिकायत पत्र में वर्णित सारे तथ्य सत्य पाये हैं।

> डीसी साहब की ओर शुरू की गई कार्रवाई स्वागतयोग्य कदम है, लेकिन कार्रवाई अपर्याप्त है। सभी दोषी लोगों पर एफआईआर गिरफ्तारी और विभागीय कार्रवाई नहीं होने से मैं असंतुष्ट हूं, चुनाव तक इंतजार करूंगा इसके बाद राज्यस्तरीय टीम, केंद्रीय टीम से जांच कराऊंगा। इसके बाद कोर्ट की ओर रुख करूंगा। जनता की गाढ़ी कमाई और उसके टैक्स से संचित विकास की राशि से विकास कार्य के बदले उस राशि को मुगलों और अंग्रेजों और सामंती मानसिकता वालों की तरह बर्बरता से लूटने वाले अधिकारियों को जेल भेजवाऊंगा।
>
> **धीरेन्द्र चौबे**
> **शिकायतकर्ता सह वरिष्ठ पत्रकार**

### क्या है मामला

गढ़वा जिले के सगमा ब्लॉक में बीडीओ, मनरेगा डीपीओ और संबंधित वेंडर की कथित मिलीभगत से वित्तीय वर्ष 2022/23 में 13 लाख 30 हजार 500 एवं वित्तीय वर्ष 2023/24 में 8 लाख 32 हजार 475 समेत कुल 21 लाख 62 हजार 975 रुपये की निकासी की गई है। उक्त राशि की निकासी में वेंडर के जीएसटी नंबर में छेड़छाड़ यानी फेरबदल किया गया है। साथ ही डीपीसी लॉग इन में छेड़छाड़ कर फर्जी वेंडर बनाकर उसके खाते में पैसा डाला गया है।

## छापामारी में अवैध देशी बंदूक व कारतूस बरामद, एक गिरफ्तार



**भवनाथपुर :** थाना क्षेत्र के अरसली दक्षिणी के लेवानगर टोला में पुलिस ने सोमवार की रात छापामारी कर रूपनारायण भुईयां के घर से अवैध देशी बंदूक और कारतूस बरामद करते हुये रूपनारायण भुईयां को गिरफ्तार किया गया है। इसकी जानकारी पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह ने मंगलवार को थाना परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के अरसली दक्षिणी के लेवानगर टोला में गांव के लोगों के बीच अपना वर्चस्व बनाये रखने के उद्वेश्य से टोला के एक घर में अवैध रूप से देशी बंदूक और कारतूस छुपा कर रखे जाने की गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर थाना प्रभारी रजनी रंजन के नेतृत्व में एक टीम गठित कर लेवानगर टोला के उस घर में सर्च अभियान के दौरान पुलिस को एक 12 बोर के सिंगल बैरल देशी बंदूक तथा बारह बोर का 3 जिंदा कारतूस व 3 खाली खोखा को बरामद करते हुये अभियुक्त रूपनारायण भुईयां पिता स्व बुधु भुईयां को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल भेज दिया गया। मौके पर एसआई प्रदीप कुमार, दिनेश कुमार सिंह, हवलदार सुभाष पूर्ति, पुटूल कुमार, संजय कुमार तिवारी आदि मौजूद थे।

## जनसभा में उमड़ा जनसैलाब, ब्रह्मदेव प्रसाद ने मांगा जनता का समर्थन




**कांडी :** प्रखंड के सोनभद्र आदर्श इंटर कॉलेज के सामने मंगलवार को विशाल जनसभा का आयोजन हुआ। जिसमें ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष एवं विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद ने अपने समर्थकों को संबोधित किया। सभा में भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति के साथ पूरा माहौल जनसैलाब में तब्दील हो गया। अपने ओजस्वी भाषण में ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि मेरा एकमात्र उद्देश्य है कि मैं अपने समाज के अधिकारों के लिये लड़ सकूं। अगर आप सबका साथ मिला तो मैं एससी, एसटी और ओबीसी के हक और अधिकार के लिये विधानसभा में मजबूती से आवाज उठाऊंगा। उन्होंने जनता से अपील की, यह चुनाव एक बेटे और भाई के रूप में आपका समर्थन मांगता है। सभी घरों में टॉर्च जलाएं और बैटरी टॉर्च छाप पर अपना मत देकर इस संघर्ष को आगे बढ़ायें। ब्रह्मदेव प्रसाद के इस जोशीले अभिभाषण से जनता में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। सभा में मौजूद लोगों ने नारेबाजी करते हुये अपने समर्थन का भरोसा दिलाया और क्षेत्र के विकास के लिये उन्हें विजयी बनाने का संकल्प लिया।

# रेहला में एक कार से छह लाख आठ हजार रुपये बरामद

### अम्बिकापुर के एक चिकित्सक अपनी गाड़ी में लेकर जा रहे थे घर

बंशीधर न्यूज

**विश्रामपुर :** चुनाव को लेकर रेहला थाना के समीप चेकिंग पोस्ट बनाया गया है। जिससे गढ़वा एवं पलामू जिले की तरफ से आने जाने वाली सभी वाहनों की चेकिंग दंडाधिकारी गौरव कुमार की उपस्थिति में की जा रही है। मंगलवार को चेकिंग के दौरान एक गाड़ी से छह लाख आठ हजार नकद कैश बरामद हुई है। रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि दंडाधिकारी की उपस्थिति में चुनाव को देखते हुये चेकिंग पोस्ट पर हर आने व जाने वाली गाड़ियों की जांच की जा रही है। इसी दौरान अम्बिकापुर के एक चिकित्सक सुधांशु किरण की गाड़ी से छह लाख आठ हजार रुपये बरामद किया गया है। पूछताछ के दौरान डॉक्टर सुधांशु ने पुलिस को बताया कि उनके घर का निर्माण कार्य चल रहा है। उसी के लिये वे पैसे लेकर जा रहे हैं। फिलहाल मामला दर्ज कर छानबीन किया जा रहा है।



## एसडीपीओ पहुंचे छठ महापर्व को लेकर विश्व प्रसिद्ध मंदिर

# श्री बंशीधर सूर्य मंदिर छठ घाट का निरीक्षण

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने मंगलवार को छठ महापर्व को लेकर विश्व प्रसिद्ध श्री बंशीधर सूर्य मंदिर का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक को सुरक्षा को लेकर पर्याप्त मात्रा में महिला और पुरुष बल लगाने का निर्देश दिया। एसडीपीओ ने बांकि नदी तट पर अवस्थित सूर्य मंदिर के अंदर आने जाने वाले मार्ग का जायजा लिया। इस दौरान किसी छठव्रती को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसके लिये आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व पर सभी छठ घाट पर महिला और पुरुष पुलिस बल की व्यवस्था रहेगी। इस पर्व में अशांति फैलाने वाले पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि छठ पर्व को लेकर निर्धारित समय तक शहर में बड़े वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। निरीक्षण के दौरान पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य नायक उपस्थित थे।



# बाबू दिनेश सिंह विवि में 1200 छठ व्रतियों में पूजन सामग्री वितरित

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** छठ महापर्व को लेकर मंगलवार को बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर में 1200 छठ व्रतियों के बीच में पूजन सामग्री का वितरण किया गया। बाबा प्रियदर्शी बाबा के सानिध्य एवं उनके मार्गदर्शन में पूजन सामग्री का वितरण बाबा, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह एवं कुलपति एमके सिंह के द्वारा किया गया। इस दौरान करीब 1206 व्रतियों के बीच पूजन सामग्री वितरण किया गया। मौके पर सुभाष कुमार, प्रवीण कुमार सिंह, हरेंद्र सिंह, शंभू राम, मुकेश कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, रणजीत सिंह सहित प्रेरणा परामर्श आश्रम के तमाम परामर्थी गण उपस्थित थे।





## बिहार कोकिला शारदा सिन्हा का 72 साल की उम्र में निधन

**नई दिल्ली।** बिहार की जानी मानी लोक गायिका शारदा सिंहा का मंगलवार को निधन हो गया। उन्होंने एम्स में रात 9 बजकर 20 मिनट पर अंतिम सांस ली। एम्स प्रशासन के अनुसार शारदा सिन्हा का सेप्टिसीमिया के परिणामस्वरूप रिफ्रैक्टरी शॉक के कारण रात 9 .20 बजे निधन हो गया। उल्लेखनीय है कि वो पिछले 11 दिनों से (26 अक्टूबर से) एम्स में भर्ती थीं। लोकगीतों के जरिए पहचान बनाने वाली बिहार की लोकप्रिय गायिका शारदा सिन्हा का जन्म 01 अक्टूबर 1952 को बिहार में सुपौल जिले के हुलास में हुआ था। उनका ससुराल बेगूसराय जिले के सिहामा गांव में है। उन्होंने मैथिली लोकगीत गाकर अपने करियर की शुरूआत की।छठ गीतों की पहचान बनीं शारदा सिन्हा को बिहार की लता मंगेशकर की संज्ञा दी जाती थी। छठ पर्व को उनके गानों के बिना अधूरा सा समझा जाता है। शारदा सिन्हा को बिहार कोकिला, बिहार की कोयल कहा जाता था। शारदा सिन्हा ने विवाह गीत, छठ गीत जैसे कई क्षेत्रीय गीत गाए हैं। 1991 में उन्हें संगीत में उनके योगदान के लिए पद्म श्री पुरस्कार मिला। उन्हें 2018 में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर भारत के तीसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। शारदा सिन्हा भोजपुरी, मैथिली, मगही और हिन्दी में गाती हैं। प्रयाग संगीत समिति ने इलाहाबाद में बसंत महोत्सव का आयोजन किया, जहां सिन्हा ने वसंत ऋतु की थीम पर आधारित कई गीत प्रस्तुत किए। जहां लोक गीतों के माध्यम से वसंत के आगमन का वर्णन किया गया। वह छठ पूजा उत्सव के दौरान नियमित रूप से प्रस्तुति देती हैं। जब मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम बिहार आये तो भी उन्होंने प्रस्तुति दी।

## सलमान की एक्स गर्लफ्रेंड सोमी अली का चौंकाने वाला खुलासा



बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान यह पिछले कुछ दिनों से चर्चा में है। बॉलीवुड में सलमान के करियर के साथ-साथ उनकी लव लाइफ भी चर्चा में रही। भाईजान का नाम कई अभिनेत्रियों के साथ जुड़ा। वह उनमें से एक थी सोमी अली। सलमान और सोमी अली का एक प्रेम प्रसंग था, लेकिन कुछ कारणों से इनका ब्रेकअप हो गया। हाल ही में सोमी ने सलमान को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। सोमी ने हाल ही में अपने फैन्स के साथ एक 'आस्क मी' सेशन रखा। इसमें सोमी ने फैन्स के सवालों के जवाब दिए। सोमी के एक फैन ने क्यों छोड़ा बॉलीवुड? यह प्रश्न पूछा। इस सवाल का जवाब देते हुए सोमी ने भाईजान को लेकर चौंकाने वाला खुलासा किया। सोमी ने कहा है कि सलमान के वन नाइट स्टैंड से तंग आकर उन्होंने बॉलीवुड छोड़ दिया। मैं सलमान खान के 8 नाइट स्टैंड से थक चुकी थी। मुझे रोज शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना सहन करनी पड़ती थी। सोमी अली ने ये भी बताया कि उन्होंने पढ़ाई पूरी करने के बाद इस रिश्ते से खुद को बाहर निकाला था। इसके साथ ही सोमी ने ये भी कहा कि वो सलमान के लिए बॉलीवुड में आई हैं। उन्होंने कहा, मैं बॉलीवुड में एक्ट्रेस बनने नहीं बल्कि सलमान के लिए आई थी। सलमान मेरे क्रश थे। दरअसल, सलमान की शादी भी सोमी अली की वजह से टूटी थी। सलमान संगीता बिजलानी से शादी करने वाले थे। उनकी शादी के कार्ड भी छप चुके थे। लेकिन, शादी से कुछ दिन पहले संगीता ने सलमान और सोमी अली को रंगे हाथों पकड़ लिया। इस बीच, सलमान को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से धमकी मिलने के बाद सोमी अली भाईजान के लिए दौड़ पड़ीं।



## लोहरदगा : हेमंत सोरेन की सरकार अब डूबती नैया साबित हो रही : राजनाथ सिंह

# लोकतंत्र का आधार है मतदान : निदेशक

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** आगामी विधानसभा चुनाव को मद्देनजर शहर के ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के बीच मतदान सह मतदाता जागरूकता विषय पर कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसके अंतर्गत मतदान की महत्ता पर परिचर्चा की गई। मौके पर विद्यालय के निदेशक शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का आधार है। मतदाता जागरूकता अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है जो लोकतंत्र की मजबूती के लिये आवश्यक है। यह अभियान लोगों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक करता है और उन्हें वोट डालने की प्रक्रिया के बारे में शिक्षित करता है। मतदान के प्रति लोगों का रुझान बढ़ाने के लिये बच्चों से अपने माता-पिता, संबंधियों जैसे नाना-नानी, दादा-दादी, चाचा-चाचा, मौसा-मौसी, मामा-मामी आदि सभी को पत्र लेखन और फोन के माध्यम से जानकारी करने के लिये, उन्हें वोट के प्रति जिम्मेदार और सही एवं ईमानदार छवि वाले उम्मीदवार को ही चयन करने की अपील करते हुये सच्चे नागरिक बनने के महत्व को बताते के हुये पत्र लेखन के विषय में कहा गया। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान आम लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और निर्णय के बारे में जानकारी प्रदान करता है। यह उन्हें सही निर्णय लेने में मदद करता है और सोच समझकर वोट डालने के महत्व को समझाता है। सही मतदान से मानवाधिकारों की रक्षा और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है। मतदान करना किसी भी लोकतंत्र में नागरिक का अधिकार ही नहीं बल्कि संविधान द्वारा दिया गया मौलिक और नैतिक कर्तव्य और अधिकार भी है। अतः चुनाव के समय की गई घोषणाओं को ही उसे सामने नहीं रखना चाहिये, बल्कि निर-क्षीर विवेक से काम लेकर उपयुक्त, ईमानदार और जनहित के लिये प्रतिबद्ध व्यक्ति के पक्ष में ही मतदान करना चाहिये, तभी सच्चे अर्थों में वास्तविक लोकतंत्र की रक्षा संभव हो सकती है। मौके पर उप प्राचार्य बसन्त ठाकुर, शिक्षक वीरेंद्र शाह, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, चंदन कुमार, कृष्ण कुमार, नीरा




शर्मा, नीलम कुमारी, सुनीता कुमारी, शिवानी कुमारी, सरिता दुबे, संतोष प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## बिहार जा रही अवैध शराब जब्त, तीन गिरफ्तार



**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर पुलिस को व्यापक पैमाने पर अवैध तरीके से बिहार ले जाये जा रहे शराब को जब्त करने में बड़ी सफलता मिली है। सोमवार को एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने सीमावर्ती बिलासपुर चेकपोस्ट पर चेकिंग अभियान के दौरान स्कॉर्पियो में लदा भारी मात्रा में शराब जब्त किया है। साथ ही इस धंधे में संलिप्त तीन लोगों को गिरफ्तार कर गढ़वा जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी बिहार के छपरा जिला के सोनपुर निवासी पवन कुमार, रजनीश कुमार ठाकुर एवं कुणाल कुमार के नाम शामिल हैं। श्री बंशीधर नगर थाना में आयोजित प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुये एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश की ओर से अवैध शराब लाये जाने की सूचना पर बिलासपुर में चेकिंग अभियान लगाया गया। उन्होंने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान स्कॉर्पियो पर सवार दो लोग भागने का प्रयास किये, लेकिन पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से शराब के साथ पकड़े गये लोगों ने बताया कि एक संगठित गिरोह है जिसके द्वारा शराब लाने के लिये किसी वाहन को मोडीफाई कर सीट के नीचे कंटेनर बना कर शराब बिहार ले जाते हैं। जब्त शराब में आफ्टर डार्क ब्लू का 180 एमएल के 450 पीस तथा ऑफिसर च्वाईस 180 एमएल के 610 पीस शामिल है। छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, अवर निरीक्षक संदीप कुमार रवि, अनुज कुमार सिंह, पुलिस जवान नितेश श्रीवास्तव, निकेतन कुमार शामिल थे।

## पोस्टल बैलेट से मतदान जारी

**श्री बंशीधर नगर :** विधानसभा चुनाव को लेकर भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में पोस्टल



बैलेट से मतदान जारी है। मंगलवार को मतदान के तीसरे दिन 16 मतदाताओं ने अपने घर पर बैलेट पेपर के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रखंड के चितविश्राम, हुलहुला खुर्द, बिलासपुर, नरही पंचायत एवं नगर पंचायत श्री बंशीधर नगर के मतदाताओं के द्वारा 85 वर्ष से ऊपर एवं दिव्यांग मतदाताओं ने पोस्टल बैलट के माध्यम से अपना वोट डाला। इस बार विधानसभा चुनाव में 85 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के लिये घर पर ही पोस्टल बैलेट से वोट डालने की सुविधा चुनाव आयोग की ओर से किया गया है।पोस्टल बैलेट से तीसरे दिन वरिष्ठ मतदाता बैठना देवी, देवपति देवी, फुलकुंवर देवी, नेपुरी देवी, भुल साह, हितन शाह, जसमतिया देवी, कालूजन बेबी, विंध्याचल देवी, सोमरी देवी, बेचू राम एवं दिव्यांग मतदाताओं में राधेश्याम पांडेय, रघु चौधरी, मनोज उरांव, बबीता कुमारी, अनिल गोस्वामी ने अपना वोट डाला। मौके पर प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी, माईक्रो आब्जर्वर एवं पुलिस प्रशासन के लोग मौजूद थे।

Hit लिस्ट

## देवघर के एसपी बने अंबर लकड़ा

**रांची।** राज्य सरकार ने अंबर लकड़ा को देवघर का नया एसपी बनाया है। वह 2011 बेच के आईपीएस अधिकारी हैं। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने मंगलवार को



अधिसूचना जारी कर दी है। चुनाव आयोग के निर्देश के बाद धनबाद के गोविंदपुर में पदस्थापित झारखंड सशस्त्र पुलिस बल-3 के समादेष्टा को अगले आदेश तक देवघर का एसपी बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग के निर्देश पर राज्य सरकार में देवघर के एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग को तत्काल प्रभाव से उनके पद से हटा दिया था। इसके पूर्व जिले के सीनियर आईपीएस अशोक कुमार को एसपी का प्रभार दिया गया था। राज्य सरकार ने चुनाव आयोग के निर्देश पर तीन आईपीएस अफसर सरोजिनी लकड़ा, मनीष टोप्पो और अंबर लकड़ा का नाम आयोग को भेजा था।

## भाजपा ने 30 बागी नेता निष्कासित

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर महामंत्री व सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा ने मंगलवार को विधानसभा चुनाव में अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ नामांकन कर पार्टी की नीतियों के विरुद्ध विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे 30 भाजपा के बागी नेताओं को पार्टी से छह वर्षों के लिये निष्कासित किया है। भाजपा प्रदेश के अनुसार, चंद्रमा कुमारी (पलामू), कुमकुम देवी (हजारीबाग), लक्ष्मी देवी (पलामू), जूली यादव (दुमका), बलवंत सिंह (लातेहार), अरविंद सिंह (खरसावां), बटेश्वर मेहता (हजारीबाग), भैय्या बांके बिहारी (हजारीबाग), चितरंजन साव (बोकारो), कर्नल संजय सिंह (पलामू), हर्ष अजमेरा (हजारीबाग), हजारी प्रसाद साहू (रांची ग्रामीण), मिसिर कुजूर गुमला, मिस्त्री सोरेन (पाकुड), मुकेश कुमार शुक्ला (पाकुड), पुष्परंजन (पलामू), राजकुमार सिंह (जमशेदपुर) महानगर, रामावतार केरकेट्टा (रांची ग्रामीण), रामदेव हेम्ब्रम (पूर्वी सिंहभूम), रामेश्वर उरांव (लोहरदगा), संतोष पासवान (लातेहार), शिवचरण महतो (पाकुड), शिवशंकर बड़ाइक (खूंटी), शिव शंकर सिंह (जमशेदपुर), सुरेंद्र मोदी (हजारीबाग), उपेंद्र यादव (गढ़वा), उमेश भारती (चतरा), विकास सिंह (जमशेदपुर महानगर), विमल बैठा (जमशेदपुर) और विनोद सिंह (पलामू) को पार्टी से छह वर्षों के लिए निष्कासित किया गया है।

### लोक आस्था के महापर्व की तैयारी पूरी करने में जुटे अधिकारी, छठ घाटों के चारों ओर सफाई करने व सभी कचरा को हटाने का सख्त निर्देश

# बीडीओ जुल्फिकार ने किया विभिन्न छठ घाटों स्थल का निरीक्षण, दिया निर्देश

बंशीधर न्यूज

**धुरकी :** धुरकी एवं सगमा क्षेत्र में लोक आस्था का महान पर्व छठ को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। धुरकी सह सगमा बीडीओ सह सीओ जुल्फिकार अंसारी ने मंगलवार को विभिन्न समितियों, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये छठ घाटों की सफाई करने के लिये स्थल निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बीडीओ सह सीओ ने घाट के चारों ओर सफाई कर इसे छठ महापर्व के लिये पूरी तरह तैयार करने की बात कही। साथ ही उन्होंने कचरा हटाने के साथ-साथ पानी की निकासी की भी व्यवस्था करने की बात कही। ताकि घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।



उन्होंने इस सफाई अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर पुण्य के भागी बनने की बात कही। सफाई अभियान में शामिल लोगों का कहना है कि छठ महापर्व हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है और इसकी पवित्रता बनाये रखने के लिये वे पूर्ण निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। गांव के लोगों का मानना है कि इस प्रकार के सामूहिक प्रयास से न केवल स्वच्छता बनी रहती है, बल्कि सामुदायिक भावना और आपसी भाईचारे को भी बल मिलता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे घाट की स्वच्छता और अनुशासन का विशेष ध्यान रखें। निरीक्षण अभियान में कटहर कला मुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र राम, सोना महतो, बीरबल मेहता, जयनाथ उरांव, जगमानी देवी, अंचल गार्ड श्रवण राम सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)